## संस्था परिचय एवं CSR सहयोग प्रस्ताव

## श्री चित्रगुप्त कायस्थ परिवार समाज कल्याण राष्ट्रीय सेवा समिति ट्रस्ट (रजि.)

श्री चित्रगुप्त कायस्थ परिवार समाज कल्याण राष्ट्रीय सेवा समिति ट्रस्ट (रजि.) एक गैर-लाभकारी सामाजिक संस्था है। "नर सेवा ही नारायण सेवा" के भाव से हम शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और संस्कार के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

### ट्रस्ट के 27 सेवा प्रकल्प एवं उद्देश्य

#### 1. स्वयंसेवक पंजीकरण फॉर्म

उद्देश्य: समाज सेवा के लिए समर्पित युवाओं और नागरिकों को ट्रस्ट का सदस्य बनाकर एक मंच पर जोड़ना। पंजीकृत स्वयंसेवकों को ट्रस्ट की ओर से पहचान पत्र एवं सदस्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। इससे जरूरतमंदों तक मदद जल्दी पहुंचती है और ट्रस्ट के कार्यों में जनसहभागिता बढ़ती है।

#### 2. संस्थापक समाज कल्याण विवाह

उद्देश्य: आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं का विवाह बिना किसी सामाजिक दबाव या दहेज के, सम्मानपूर्वक संपन्न कराना।

#### 3. सर्व समाज सामूहिक विवाह एवं वैवाहिक सहायता योजना

उद्देश्य: विवाह में होने वाले फिजूल खर्च और दहेज प्रथा को खत्म करना। सभी समाजों को जोड़कर एक साथ कई जोड़ों का विवाह कराना जिससे आपसी भाईचारा बढ़े।

#### 4. वृद्धाश्रम एवं बालिका गृह संचालन

उद्देश्य: जिन बुजुर्गों को परिवार का सहारा नहीं है और जिन बच्चियों के माता-पिता नहीं हैं, उन्हें सुरक्षित घर, भोजन, शिक्षा और भावनात्मक संबल देना।

#### 5. निःशुल्क शिक्षा प्रसार एवं छात्र सहायता

उद्देश्य: पैसों की कमी के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई न छूटे। गरीब और मेधावी छात्रों को किताबें, फीस और कोचिंग में मदद करके उनका भविष्य उज्ज्वल बनाना।

**6. निःशुल्क चिकित्सा सेवा एवं स्वास्थ्य शिविर**

उद्देश्य: गांव और शहर के गरीब लोगों तक मुफ्त डॉक्टर, जांच और दवाई पहुंचाना। बीमारी को शुरुआती स्तर पर ही पकड़कर गंभीर होने से बचाना।

**7. कौशल विकास एवं स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र**

उद्देश्य: युवाओं को सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि हाथ का हुनर देना। ताकि वे नौकरी न मिलने पर भी खुद का काम शुरू करके आत्मनिर्भर बन सकें।

**8. पल्स पोलियो एवं टीकाकरण अभियान सहयोग**

उद्देश्य: सरकार के "स्वस्थ भारत" अभियान में मदद करना। हर बच्चे तक पोलियो, खसरा जैसे जरूरी टीके पहुंचाकर देश को बीमारियों से मुक्त बनाना।

**9. सांस्कृतिक एवं सामुदायिक भवन विकास**

उद्देश्य: समाज के लोगों को मिलने-जुलने, त्योहार मनाने और सामाजिक कार्यक्रम करने के लिए एक साझा स्थान उपलब्ध कराना।

**10. छात्रावास एवं शैक्षणिक केंद्र संचालन**

उद्देश्य: दूर-दराज के गांवों के बच्चों को शहर में रहकर अच्छी शिक्षा लेने का मौका देना, ताकि दूरी उनके सपनों में बाधा न बने।

**11. कृषि एवं ग्रामीण विकास सहायता केंद्र**

उद्देश्य: किसानों की आय दोगुनी करने में मदद करना। उन्हें नई खेती की तकनीक, सरकारी योजना और बाजार भाव की सही जानकारी देना।

**12. दहेज उन्मूलन एवं महिला सशक्तिकरण जागरूकता**

उद्देश्य: समाज से दहेज जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करना और बेटियों को पढ़ा-लिखाकर अपने पैरों पर खड़ा करना।

**13. आयुष्मान भारत योजना जागरूकता एवं पंजीकरण सहायता शिविर**

उद्देश्य: हर गरीब परिवार का 5 लाख तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करना। जानकारी के अभाव में कोई भी इस योजना से वंचित न रहे।

**14. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग सहायता एवं आपदा राहत**

उद्देश्य: बाढ़, आग, सूखा या महामारी जैसी आपदा में तुरंत राशन, कपड़े, दवाई और आर्थिक मदद पहुंचाना। किसी को भी भूखा या बेघर न सोने देना।

**15. महिला स्वरोजगार एवं गृह उद्योग प्रशिक्षण**

उद्देश्य: घर की महिलाओं को सिलाई, ब्यूटी पार्लर, अचार-पापड़, मोमबत्ती जैसे काम सिखाना ताकि वे घर बैठे कमाकर परिवार की मदद कर सकें।

**16. नशा मुक्ति जन जागरूकता एवं परामर्श केंद्र**

उद्देश्य: युवाओं को नशे के दलदल से बचाना। नशे की लत वाले लोगों का मुफ्त इलाज और काउंसलिंग करके उन्हें वापस मुख्यधारा में लाना।

**17. व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं पैरामेडिकल कौशल विकास केंद्र**

उद्देश्य: 10वीं-12वीं पास युवाओं को नर्सिंग, लैब असिस्टेंट, एक्स-रे टेक्नीशियन जैसे जॉब-ओरिएंटेड कोर्स कराकर तुरंत रोजगार दिलाना।

**18. आपातकालीन चिकित्सा परिवहन सहायता**

उद्देश्य: सड़क दुर्घटना या गंभीर बीमारी में "गोल्डन ऑवर" के अंदर मरीज को अस्पताल पहुंचाना ताकि उसकी जान बचाई जा सके।

**19. डिजिटल साक्षरता एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण**

उद्देश्य: डिजिटल इंडिया के सपने को पूरा करना। बच्चों और बुजुर्गों को भी मोबाइल, कंप्यूटर और इंटरनेट चलाना सिखाना ताकि वे सरकारी सुविधाओं का लाभ ले सकें।

**20. युवा खेल प्रोत्साहन एवं स्वास्थ्य विकास**

उद्देश्य: युवाओं की ऊर्जा को सही दिशा देना। खेलों के जरिए उन्हें नशे और अपराध से दूर रखना और गांव से राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करना।

**21. लोक कला, संस्कृति संरक्षण एवं प्रतिभा सम्मान**

उद्देश्य: कायस्थ समाज की पुरानी विरासत, इतिहास और लोक कलाओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना। पढ़ाई, खेल या कला में अच्छे बच्चों को मंच देकर हौसला बढ़ाना।

**22. ग्रामीण सरकारी योजनाओं की जागरूकता एवं सहायता शिविर**

उद्देश्य: पेंशन, आवास, शौचालय, उज्ज्वला जैसी सैकड़ों योजनाओं की जानकारी गांव तक पहुंचाना और फॉर्म भरने में मदद करना ताकि हकदार लोगों को लाभ मिले।

**23. स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य जागरूकता**

उद्देश्य: अस्पतालों में खून की कमी से किसी की जान न जाए। नियमित रक्तदान शिविर लगाकर युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना।

**24. कानूनी जागरूकता एवं नागरिक सहायता केंद्र**

उद्देश्य: गरीब आदमी को भी उसका कानूनी हक दिलाना। जमीन, पेंशन या घरेलू हिंसा जैसे मामलों में मुफ्त कानूनी सलाह देना।

**25. पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण अभियान**

उद्देश्य: सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों व सड़क किनारे 5000+ फलदार व छायादार वृक्ष लगाकर पर्यावरण संतुलन व वायु गुणवत्ता में सुधार करना।

**26. दिव्यांगजन सहायता एवं पुनर्वास केन्द्र**

उद्देश्य: आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, ट्राई-साइकिल, श्रवण यंत्र व कौशल प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाना।

**27. गौ सेवा एवं पशु कल्याण सहायता**

उद्देश्य: बीमार, घायल व निराश्रित गौवंश व अन्य पशुओं का निःशुल्क उपचार, टीकाकरण व आश्रय की व्यवस्था करना।